ब्लॉग किस विषय पर बनाये

ब्लोगिंग शुरू करने की इच्छा रखने वाले लोग अक्सर इस दुविधा में फंस जाते हैं की अपना ब्लॉग किस विषय पर बनाये. ब्लोगिंग के लिए सही विषय का चुनाव करना उनके लिए एक जटिल परिस्थिति होती है. शुरुआत में ऐसा सबके साथ होता है, क्योंकि ब्लोगिंग के लिए कोई एक अच्छा विषय चुनना कोई आसान काम नहीं है.

ब्लोगिंग एक जूनून की तरह है और यदि आप अपने द्वारा चुने गए विषय के साथ दिल से नहीं जुड़ पाए तो आप अच्छा नहीं लिख पायेंगे. इसलिए आपको पता होना बहुत ही जरुरी है कि ब्लोगिंग के लिए सबसे अच्छा विषय चुनते वक़्त किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए. ये कुछ बहुत ही मुख्य बिंदु हैं जिन पर गौर जरूर करें.

(1) ब्लॉग के लिए वो ही विषय चुनें जिस पर आपको ज्यादा से ज्यादा जानकारी हो.

(2) ऐसा विषय चुनें जिसमें आपको खुद लिखते वक़्त मज़ा आये. ब्लोगिंग में सफल होने के लिए रूचि बहुत ही जरूरी चीज़ है. क्योंकि बिना रूचि के आप अपने पोस्ट्स (Posts) को बेहतर नहीं बना पाएंगे और वो गुणवत्ता नहीं होंगी.

(3) अगर आपको दो या इससे ज्यादा विषयों की जानकारी है तो वो विषय चुनें जिससे आप उबें ना हों और उस पर कई लम्बे समय तक लगातार लिख सकें.

(4) ब्लॉग के लिए विषय का चुनाव करते समय ये बिलकुल भी ना देखें की उस पर प्रतिस्पर्धा कम है या ज्यादा. अगर आपको विषय पर अच्छी जानकारी है और लिखने की कला अच्छी है तो आप उच्च-प्रतिस्पर्धा (High Competition) वाले विषयों में भी सफलता प्राप्त कर सकते हैं.

(5) ब्लोगिंग ऐसे विषय पर शुरू करें जिसमें आपको दूसरों के कंटेंट से कम से कम सामग्री लेने की जरुरत पड़े.

(6) आप खुद से ये पूछिए की आप कौन से विषय पर ज्यादा लम्बा बोल सकते हैं. उसी विषय पर ब्लॉग बनायें क्योंकि अगर आप उस विषय में ज्यादा बोल सकते हैं तो जाहिर सी बात है लिख भी पायेंगे.

(7) ब्लॉग शुरू करने से पहले इस चीज़ पर जरूर अनुसन्धान (Research) करें की आप जिस विषय पर अपना ब्लॉग बनाने जा रहे हैं उससे संबंधित समस्या या पूछताछ (Related Queries) को लोग ढूंढते भी हैं या नहीं? और अगर करते भी हैं तो कितना करते हैं. ये बहुत जरूरी चीज़ है क्योंकि ऐसे विषय पर ब्लॉग बनाने से क्या फायदा जिसमें लोगों को रूचि (Intrest) ही ना हो.

(8) जिस विषय पर आप अपना ब्लॉग बनाने जा रहे हैं, पहले उसी विषय वाली दूसरी वेबसाइट (Websites) के प्रदर्शन (Performance) का पता लगाने का प्रयास करें. प्रदर्शन (Performance) का मतलब है कि उस ब्लॉग पर कितनी पोस्ट्स (Posts) हैं और कितने लोग उसे देख रहे है|

(9) अगर आपको किसी भी विषय पर बहुत अच्छी जानकारी नहीं है. या फिर आपको कई विषयों की थोड़ी-थोड़ी जानकारी है लेकिन फिर भी आप ब्लोगिंग करना ही चाहते हैं तो मल्टीनिच ब्लॉग (Multiniche Blog) बनायें। (मल्टीनिच ब्लॉग -मतलब एक ऐसा ब्लॉग जिस पर कई तरह के विषयों पर पोस्ट (Post) कर सकते हैं।)

(10) सबसे आखिर में आपको इस बात पर ध्यान देना है की आप जिस विषय पर ब्लॉग बनाकर कुछ कमाना चाहते हैं तो उस विषय पर ज्यादा High CPC (Cost per Click) मिलती है या फिर कम. क्योंकि अगर कोई ऐसा विषय है जिस पर बहुत ही कम CPC मिलती है तो उस पर Blog बनाने से भी कोई फायदा नहीं.

नीचे कुछ विषयों के नाम दिए गए हैं जिन विषयों के ब्लॉग आप बना सकते हैं -

(1) Technology Blog –

(2) Health And Fitness –

(3) News -

(4) Jobs -

(5) Facts Blog –

(6) Online Money Making –

(7) Product Review Blog –

(8) Educational Blogs –

(9) Entertainment Blog –

(10) Share Market Information –